<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

तिथि 15 अगस्त 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार:

- देश आज 80 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित किया।
- श्री मोदी ने विकसित भारत के लिए उत्पादन, कृषि, तकनीक, गति शक्ति, रक्षा शक्ति, हरित व्यवस्था एवं समुद्र मंथन को मिलाकर सप्तधारा की घोषणा की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हांसी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आज़ादी की लड़ाई में अहम् भूमिका निभाने वाले एवं आजादी के बाद राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- मुख्यमंत्री ने हांसी के मुक्केबाज़ नरेंद्र बेरवाल को सम्मानित किया और नौ युवाओं को रोज़गार गारंटी प्रमाण - पत्र प्रदान किए।
- हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने जगाधरी में एवं पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने चण्डीगढ़ में तिरंगा फहराया और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

*******************************************************************

देश आज 80वां स्वाधीनता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ऐतिहासिक लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र ध्वज फहराया। राष्ट्र को स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर दिल की धड़कन वंदे मातरम के गायन से गूंज रही है।

श्री मोदी ने कहा, हर घर तिरंगा है, मन तिरंगा है और देश उत्साह तथा उमंग के साथ नए संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश आज उन महान सपूतों का स्मरण कर रहा है जिन्होंने अपने त्याग और बलिदान से देश को स्वतंत्र कराया। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तब महान बनता है, जब वह अपने सपनों, अपने संकल्पों और सामर्थ्य के दम पर आगे बढ़ता है। श्री मोदी ने कहा कि देश अब छोटे सपनों से नहीं बल्कि बड़े सपनों से चलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें अपनी कार्य संस्कृति, सोच और काम की गति को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य हासिल करने के लिए उन्हें युवा शक्ति, माता-बहनों, किसानों और मजदूरों पर पूर्ण भरोसा है।
श्री मोदी ने विकसित भारत के लिए उत्पादन, कृषि, तकनीक, गति शक्ति, रक्षा-शक्ति, हरित व्यवस्था और समुद्र मंथन को मिलाकर सप्त-धारा की घोषणा की।

श्री मोदी ने गति शक्ति को सप्तधारा की चौथी शक्ति बताते हुए कहा कि देश में निर्बाध और तेज कनेक्टिविटी पर बल देना होगा। उन्होंने कहा कि देश में हाइड्रोजन से चलने वाली पहली रेलगाड़ी शुरू की गई है। इस तरह हमने दुनिया में हाइड्रोजन के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर बनने में संसाधनों की नहीं, सोच की सीमाएं बाधा होती हैं। श्री मोदी ने कहा कि आजादी के बाद देश में सेमीकंडक्टर को लेकर कोई बड़ी योजना नहीं थी। उन्होंने कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में हम चिप का महत्व समझते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था ने नई रफ्तार पकड़ी है और नई गति से देश आगे बढ़ा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ए.आई. शिखर सम्मेलन के आयोजन से भारत ने विश्व को अपनी ताकत दिखाई। देश की युवा-शक्ति, ए.आई. के क्षेत्र में भी प्रयास कर रही है।उन्होंने आने वाले एक वर्ष में एक करोड युवाओं को ए.आई का हुनर सिखाने के लिए प्रशिक्षण देने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने विभिन्न परीक्षाओं की निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग देने की घोषणा भी की और देशवासियों से नशा मुक्त भारत के 100 सप्ताह के अभियान से जुड़ने की अपील की।

*********************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय समर स्मारक पर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। श्री मोदी ने कहा कि सरकार महात्मा गांधी के कार्यों और उनके दृष्टिकोण से सदैव प्रेरणा लेती रहेगी।

*********************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज स्वतंत्रता दिवस पर हांसी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस तथा तीज पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस परेड की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और औपचारिक सलामी ली। इस दौरान छात्रों और सुरक्षा कर्मियों ने "वंदे मातरम" की प्रस्तुति सहित देशभक्ति से ओत प्रोत कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने आज़ादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों तथा आजादी के बाद राष्ट्र की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता हांसी के मुक्केबाज नरेंद्र बेरवाल को सम्मानित किया और सर्विस सिक्योरिटी एक्ट के तहत 9 स्थानीय युवाओं को रोजगार गारंटी प्रमाण पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने हरियाणा की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान वित्त वर्ष में 1,000 नए अटल पुस्तकालय खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के निर्माण के लिए कठोर परिश्रम करने का संकल्प लेने का आह्वान भी किया।

************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने स्वतंत्रता दिवस पर यमुनानगर जिले के जगाधरी स्थित नई अनाज मंडी में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने बारिश के बीच परेड की सलामी ली और वीर शहीदों को नमन किया। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति और लोक संस्कृति से ओत-प्रोत कई शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।

************************************************************************

पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ के परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस से पहले प्रशासक ने बोगनविलिया गार्डन स्थित युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद राष्ट्रगान से हुई। प्रशासक ने स्वतंत्रता दिवस परेड में पुलिस, सशस्त्र बलों, एनसीसी कैडेट्स तथा अन्य दलों के मार्च पास्ट से सलामी ली। अपने संबोधन में प्रशासक ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब की महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक भूमिका को याद किया।

************************************************************************